प्रादेशिक समाचार

27.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

**1.** राष्ट्रपति ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को किया संबोधित, कहा–सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कर रही काम।

**2.** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की जांच तीसरे दिन भी जारी, हजारीबाग में प्रिंसिपल समेत सात लोगों से हो रही है पूछताछ।

**3.** जमीन घोटाले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत बारह आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि दो सप्ताह बढ़ी।

**4.** माओवादियों को धन मुहैया कराए जाने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए ने पश्चिम सिंहभूम जिले में की छापेमारी।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि मौजूदा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है। संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि दस साल में देश 11वें स्थान से उठकर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। पेपर लीक पर बात करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार दोषियों को दंडित करने और मामले की जांच के लिए प्रतिबद्ध है। परीक्षाओं में अनियमितता की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए एक कानून भी पारित किया गया है।

*******************

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई पिछले तीन दिनों से हजारीबाग में जांच कर रही है। ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक को रात भर चरही गेस्ट हाउस में रखने के बाद सीबीआई की टीम आज सुबह उन्हें स्कूल परिसर लेकर आई। यहां उनसे फिर पूछताछ की जा रही है। वहीं सात लोगों को चरही में ही रखा गया है, जबकि तीन लोगों को पूछताछ के बाद कल शाम छोड़ दिया गया था। बताया जाता है कि सीबीआई को पूछताछ में कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं।

*******************

देवघर जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत राज्य के बीपीएल श्रेणी के ईसाई, हिन्दू और मुस्लिम धर्मावलम्बियों को तीर्थयात्रा कराई जाएगी। इसके लिए पहले चरण में तीर्थयात्रियों को विशेष ट्रेन के माध्यम से 10 जुलाई से 16 जुलाई तक गोवा की यात्रा पर भेजा जाएगा। वही दूसरे चरण में 20 जुलाई से 27 जुलाई तक द्वारका और सोमनाथ की यात्रा कराने की योजना है। इसके अलावा श्रद्धालुओं को 20 जुलाई से 27 जुलाई तक अजमेर शरीफ और फतेहपुर सीकरी की यात्रा कराई जाएगी। आवेदक की उम्र साठ वर्ष से अधिक होनी चाहिए और उसे झारखंड का स्थायी निवासी होना जरूरी है।

*******************

राज्य सरकार की पुनर्वास नीति 'नई दिशा' से प्रभावित होकर चतरा में आत्मसमर्पण करने वाले चार नक्सलियों के परिजनों के बीच प्रशासन ने पुरस्कार राशि का वितरण किया। इस दौरान अधिकारियों ने समाज की मुख्यधारा से भटके अन्य नक्सलियों से भी आत्मसमर्पण करने तथा सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। कल शाम हुए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय और सीआरपीएफ कमांडेंट मनोज कुमार मौजूद थे।

*******************

पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण करा रही कंपनी की एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर में उग्रवादियों ने आग लगा दी। घटना कल रात साढ़े दस बजे की है। यह कंपनी हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह के भाई विनय कुमार सिंह की है। विनय कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें उग्रवादियों की ओर से लगातार धमकी मिल रही थी। कई बार पुलिस को सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

*******************

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए झारखंड सरकार कई योजनाएं चला रही है।

*******************

पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने आज जमीन घोटाला मामले में शामिल राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 12 आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद हेमंत सोरेन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन समेत बारह लोगों की न्यायिक हिरासत अवधि दो सप्ताह बढ़ा दी है। अगली पेशी 11 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी।

*******************

जामताड़ा की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की एक बैठक हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर चर्चा की और छूटे हुए योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में निबंधित करने के लिए प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की।

*******************

माओवादियों को धन मुहैया कराने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए पश्चिमी सिंहभूम जिले में छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र के जोगीभट्टा में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। माओवादी नेता मिसिर बेसरा और उनके अन्य सहयोगियों को मिलने वाली फंडिंग को लेकर छापेमारी की जा रही है। बताया जाता है कि माओवादियों द्वारा जिन माध्यमों से लेवी वसूली जाती है, उनकी जानकारी जुटाकर एनआईए ने यह कार्रवाई की है।

*******************

गढ़वा जिले के मेराल थाना क्षेत्र के परसही गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में एक महिला सहित तेरह लोग घायल हो गये। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए मेराल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सभी को गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

*******************

हजारीबाग जिले के बरही पूर्वी पंचायत भवन में इंटक के नेताओं ने एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह इंटक नेता दीपक गुप्ता ने की। बैठक में झारखंड राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने बताया कि आगामी सात जुलाई को बरही टाउनहॉल में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें संगठन के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के अलावा राज्यस्तरीय प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इसमें क्षेत्र की औद्योगिक समस्याओं समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

*****समाप्त*****